पंजाब केसरी 14/08/2022

# जी.एम.एन. कॉलेज से निकाली तिरंगा यात्रा

अम्बाला छावनी, 13 अगस्त (कोचर): भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में भारतवर्ष के आजादी के 75 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान में शनिवार को कैंट के जी.एम.एन. कॉलेज की एन.एस. एस इकाई द्वारा घर-घर तिरंगा प्रभात फेरी निकाली गई। रैली की शुरूआत कॉलेज प्राचार्य डा. वी.के. जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई।



*तिरंगा यात्रा के दौरान हिस्सा लेते कॉलेज प्राचार्य व अन्य।* (देवदत्त)

प्रिंसीपल ने कहा कि हमारा देश विविधताओं का देश है। यहां पर अनेक धर्म व संस्कृति को मानने वाले लोग रहते हैं लेकिन इन सभी में विविधताएं होते हुए भी एकता है।

कार्यक्रम में कॉलेज के लगभग 50 एन.एस.एस. वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। कॉलेज के प्रांगण में स्वयंसेवकों द्वारा इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर गांधी परिसर में सफाई अभियान भी चलाया। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक स्वयंसेवकों का डा. धर्मवीर, डा. अनीश, डा. सरोज, एन.एस.एस अधिकारियों ने नेतृत्व किया।